# राष्ट्रीय सेवा योजना

## बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर जिला-बस्तर(छ.ग.)

## ''वार्षिक प्रतिवेदन''
## 2020 – 21




राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की शुरुआत गांधी शताब्दी वर्ष में हुई, क्योंकि गांधी जी का कहना था कि देश की सेवा में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 39,695 एनएसएस इकाइयों में 36.5 लाख से अधिक स्वयंसेवी हैं।

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के परिक्षेप्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की यात्रा

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के पश्चात् राज्य के दक्षिणी वनांचल में विस्तृत बस्तर संभाग जिनमें कांकेर, बस्तर, सुकमा, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर एवं कोण्डागांव जिले की भौगोलिक सीमाएं सम्मिलित है ।

मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना **01 नवम्बर 2008** को की गई। विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ सत्र 2009–10 से विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की स्थापना** छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। वर्तमान में सात जिलो के लिए पांच जिला संगठक डॉ. आयाशा कुरैशी कांकेर, श्री शशीभूषण कन्नौजे कोण्डागांव, श्री दिनेश कुमार चन्द्रा बस्तर, श्री बी.डी.चांडक नारायणपुर, श्री सुरेश कुमार नेताम दन्तेवाडा, बीजापुर, सुकमा रासेयो से जुडे हुये है। सात जिलों में स्थित कुल 167 इकाई एवं (2020–21) के कुल 15562 स्वयंसेवक छात्र/छात्राओं द्वारा रासेयो में भागीदारी किया जा रहा है ।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के अन्तर्गत **पांच गोदग्राम** अधिग्रहण किया गया है ।

1. तितिरगांव
2. आसना
3. डोडरेपाल
4. लोहण्डीगुडा
5. करंजी

## वर्षवार इकाई संख्या एवं पंजीयन

| क्र. | वर्षवार जानकारी | इकाई आबंटन | | | आंबंटित संख्या | वास्तविक पंजीयन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | महा. | विद्या. | संख्या | | पुरूष | महिला | योग |
| | | | | | | | | |
| 1. | 2020–21 | | | 167 | 14400 | | | 15562 |

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

## एक नजर में

| | | |
|---|---|---|
| | **राष्ट्रीय सेवा योजना की सामान्य जानकारी** | |
| | राज्य | छत्तीसगढ़ |
| | विश्वविद्यालय | बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर |
| | कार्यक्रम समन्वयक का नाम | डॉ.डी.एल.पटेल |
| | ज्वाईनिंग दिनांक | 08.10.2015 |
| | पार्ट टाईम/फुल टाईम | पार्ट टाईम |
| | वि.वि. में कार्यालय के लिए सहायक स्टॉफ की संख्या एवं कार्य.समन्वयक | 2+1 |
| | राज्य सरकार द्वारा आबंटित छात्र संख्या | 14400 |
| | रासेयो स्वयं सेवकों की वास्तविक पंजीयन | 15562 |
| | रासेयो इकाईयों की कुल संख्या | 167 |
| | कुल कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या | 167 |
| | प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या | 122 |
| | अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या | 45 |
| | गोद लिए गांवों की संख्या | 187 |
| | **रासेयो में नियमित/विशेष कार्यक्रमों के लिए निधि** | |
| | नियमित गतिविधि के लिए | प्रति छात्र |
| | 7 दिवसीय विशेष शिविर के लिए | प्रति छात्र 450.00 रू. (7 दिन के लिए) |

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
# राष्ट्रीय सेवा योजना

## छात्र संख्या एवं आबंटित ईकाइयां

उच्च शिक्षा विभाग ने राष्ट्र के लिए निम्नलिखित छात्र संख्या और इकाइयाँ आवंटित की हैं:

आबंटित छात्र संख्या एवं ईकाइयां कालेज एवं स्कूल वार जानकारी
सत्र 2020–21

| क्र. | छात्र संख्या | कालेज | स्कूल | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | छात्र / छात्रा | 3100 | 11300 | 14400 |
| 2 | इकाई | 31 | 138 | 167 |

## छात्र/छात्राओं का पंजीयन जातिवार 2020-21

| क्र. | छात्र | सामान्य | अनु.जाति | अ.जा.जा. | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरूष | | | | |
| 2 | महिला | | | | |
| | योग | 5630 | 600 | 8170 | 14400 |





# विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा वृक्षारोपण

| क्र. | जिला | लकडी | फुल | फल | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस्तर | 1621 | 1345 | 794 | 3681 | 7441 |
| 2 | कांकेर | 1873 | 1260 | 824 | 3540 | 7497 |
| 3 | कोण्डागांव | 1853 | 1172 | 879 | 3214 | 7118 |
| 4 | नारायणपुर | 355 | 295 | 215 | 540 | 1405 |
| 5 | बीजापुर | 450 | 378 | 341 | 348 | 1517 |
| 6 | दन्तेवाड़ा | 565 | 513 | 415 | 624 | 2117 |
| 7 | सुकमा | 421 | 318 | 424 | 640 | 1803 |
| | योग | 7138 | 5281 | 3892 | 12587 | 28898 |










बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा वर्ष 2020–21 तक निरंतर वृक्षारोपण हेतु संकल्पित रहें ।

# विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा

# युवा दिवस का आयोजन

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा युवा दिवस का आयोजन उत्साह के साथ आयोजित कि जाती है एवं सफलता पूर्वक क्रियान्वयन हेतु स्वयं सेवकों के माध्यम से जागरूकता हेतु निरंतर सराहनिय पहल की जाती है ।







## विश्वविद्यालय इकाईयों द्वारा रक्तदान 2020-21

| क्र. | जिला | शिविर | यूनिट |
|---|---|---|---|
| 1 | बस्तर | 16 | 197 |
| 2 | कांकेर | 24 | 245 |
| 3 | कोण्डागांव | 17 | 213 |
| 4 | नारायणपुर | 04 | 73 |
| 5 | बीजापुर | 08 | 98 |
| 6 | दन्तेवाड़ा | 07 | 83 |
| 7 | सुकमा | 03 | 54 |
| | **योग** | **79** | **963** |





# इकाईयों द्वारा कोरोना जागरूकता कार्यक्रम

कोरोना संकट काल में सोसल डिस्टेंसिंग 2 गज की दूरी का पूर्ण पालन करते हुये रैली के माध्यम से कोरोना बचाव जागरूकता के नारे एवं उद्घोष के साथ सबको वैक्सिन लगाना है कोरोना दूर भगाना है जैसे नारों का रैलियों में समस्त ईकाइयों के छात्र/छात्राओं ने एवं कार्यक्रम अधिकारियों की उपस्थिति में जोश पूर्ण आयोजन सम्पादित किया गया ।

रासेयो के माध्यम से गर्भवती माताओं एवं शिशुओं का टिकाकरण स्वास्थ्य एवं पोषण आहार किशोर–किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड टेबलेट सेवन, बाल शोषण से निजात दिलाने एवं जागरूकता लाने गुड टच बैड टच की जानकारी,, आंगनबाडी केन्द्रो में अनिवार्य तिरंगा भोजन एवं सूखा आनाज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में भागिदारी निश्चित करने नुक्कड़ एवं नारों के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाया गया।






कोरोना के विरुद्ध जंग में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निभाई अहम भूमिका

पत्रिका महामारी से महामुकाबला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कोरगांव / फरसगांव . कोरोना की रफ्तार कम हुआ लेकिन खत्म नहीं हुआ, लोग हैं कि मानने को तैयार नहीं। कोरोना गाइडलाइन को लोग नजरअंदाज करते हुए साप्ताहिक बाजारों सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ भाड़ की स्थिति पैदा कर रही है जो आगे जाकर खतरा बन सकता है इसी बात को ध्यान में रखते हुए

नगर पंचायत फरसगांव में कोरोना के विरुद्ध जंग में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने भी अहम भूमिका निभाकर नागरिकों को कोरोना के प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाया।


शासकीय आदर्श विद्यालय फरसगांव के एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी एएल मेमन एवं पूर्व व्याख्याता बीएस भास्कर के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा 19 जुलाई सोमवार को साप्ताहिक बाजार के दिन कोरोना के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगों को समझाइश देते हुए नजर आए।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने साप्ताहिक बाजार में आने जाने वालों को रोक कर मास्क लगाने सोशल डिस्टेंस का पालन करने के साथ-साथ लोगों को टीकाकरण के लिए भी जागरूक किया गया, साथ ही बाजार में दुकानदारों एवं अन्य व्यापारियों को ज्यादा भीड़ भाड़ ना करने की समझाइश दी गई। इस दौरान आने वाले संभावित कोरोना की तीसरी लहर के बारे में आगाह किया गया। दूरदराज से आने वाले हैं राहगीरों और वाहन चालकों को कोरोनावायरस इन का पालन करने की समझाइश दी है।

सार्वजनिक स्थल पर जाकर मास्क लगाने के लिए किया प्रेरित।

कोविड– 19 के कारण लॉक डाऊन की स्थिति में वायरस के संक्रमण से बचने एन. एस.एस. के 179 इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों नें सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु बस्तर संभाग के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अनेकानेक जनोपयोगी कार्य किये ।

- **स्वयं सेवकों द्वारा दीवाल लेखन –**






- ## फेस मास्क वितरण –

विश्वविद्यालय क्षेत्र के एन.एस.एस. संस्थाओं के कार्यक्रम अधिकारियों एवं वालेन्टियर्स द्वारा कोरोना से बचाव में फेस मास्क का महत्व बताते हुए इसकी उपयोगिता भी बताई जा रही है। खांसी और जुकाम से पीडित व्यक्ति, भीड–भाड वाले सार्वजनिक स्थान, तथा एक बार मास्क का उपयोग कर उसकी धुलाई का महत्व भी बताया गया है।

- ## जागरुकता कार्यक्रम –

कोविड–19 कोरोना से बचाव एवं उससे लडने के लिए सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य मंत्रालय से जारी कोरोना जागरूकता के स्लोगन, पोस्टर, सूचनाएं बनाई जा रही है, विश्वविद्यालय के सभी स्वयं सेवक व कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता रही है तथा कोरोना व अन्य बिमारियों से होने वाले हानि से बचने हेतु प्रयास किया जा रहा है ।



**व्यजंन, पोस्टर मेकिंग से कर रहे पोषण को लेकर जागरूक**

शासकीय कन्या कॉलेज की छात्राओं की नई पहल

[illegible] । कांकेर
www.navbharat.org

होम साइंस डिपार्टमेंट और एनएसएस यूनिट शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय उत्तर बस्तर कांकेर के ग्रुप लीडर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अपने आसपास के समुदाय को प्रेरित और जागरूक करने में लगे हैं.

इस जागरूकता कार्यक्रमक मुख्य लक्ष्य गर्भवती माताओं, पोषक माताओं बच्चों, किशोरी बालिकाओं सहित महिलाओं को कुपोषण से मुक्त करना है. इस जागरूकता अभियान के प्रेरणास्रोत प्रो.अजय कुमार पटेल विभागाध्यक्ष फूड एंड न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट, ने बताया कि बच्चों में पोषण की कमी का सीधा प्रभाव उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ता है, जिसमें दिमाग का पूर्ण विकास न हो पाना, कमजोर याददाश्त, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी और संक्रमण एवं बीमारियों का खतरा मुख्य है। यूनिसेफ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 साल से कम उम्र का हर तीसरा बच्चा या दूसरे शब्दों में 70 करोड़ बच्चे कुपोषण का शिकार है. जो कि कोरोना संकटकाल के इस महामारी के चलते और भी बढ़ने की आशंका है. उन्होंने कुपोषण, एनीमिया, आयोडीन और विटामिन ए डेफिशिएंसी को छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं में पाए जाने वाले [illegible] हेल्थ कन्सर्न बताया. संतुलित आहार के साथ ही सम्पूर्ण टीकाकरण, विटामिन ए की घोल, फूड फोर्टीफिकेशन, एक्सक्लुसिव ब्रेस्ट फीडिंग, अच्छे विनिंग फूड्स, मां-बच्चों के पोषण का ध्यान के साथ सही कुकिंग प्रैक्टिस, होम गार्डनिंग और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा को अपनाने की बात कही. इस पोषण माह में छात्राओं द्वारा कोरोना से बचाव के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अलग-अलग इवेंट्स आयोजित कर लोगों को अपने घर, गांव में जागरूक कर रहे है. इसमें प्रमुख रूप से पोषक आहार प्रदर्शनी के माध्यम से निशा कुरेटी, प्रियंका साहू, मधुबाला पटेल, दुर्गेश्वरी मरकाम, पौष्टिक पौधे के रोपण एवं वीडियो जागरूकता में अंजू नेताम, खुशबू साहू, निशा कुरेटी, प्रतिमा ओरिया, गीतिका साहू, श्वेता साहू, दुर्गेश्वरी मरकाम, चेतना सोनी, पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से अंजू नेताम, दुर्गेश्वरी मरकाम, इसी तरह कुपोषण आधारित पोस्टर मेकिंग के माध्यम से हीना साहू, खेमलता नायक, रेणुका मटियारा, तृप्ति रजक, गीतिका साहू, ओम्बिका रामटेके, चेतना सोनी इत्यादि शामिल है. संस्था प्राचार्य डॉ सी.आर.पटेल ने स्वयंसेवकों द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान की तारीफ की एवं इस तरह के सामुदायिक जागरूकता अभियान को अभिनव पहल बताया. महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्टॉफ, सीनियर छात्राएं मार्गदर्शन करने में लगे है. डॉ.डी.एल.पटेल कार्यक्रम समन्वयक रासेयो बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, डॉ आएशा कुरैशी जिला संगठक कांकेर ने इस पोषण जागरूकता कार्यक्रम को अच्छी पहल बताया.



**एनएसएस ब्लू ब्रिगेड टीम ने बोरगांव में बना डाला खेल का मैदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक यूनिसेफ के सहयोग से ब्लू ब्रिगेड का हिस्सा बनकर सामुदायिक विकास की नई कहानी गढ़ रहे हैं। कोविड-19 के इस आपदा के समय बच्चों को खेल से जोड़ने और बेहतर स्वास्थ्य की जिद ने कन्या कॉलेज के सीनियर रासेयो स्वयंसेवक कीर्ति कुंजाम बीए अंतिम वर्ष के नेतृत्व में स्वस्फूर्त युवा टोली के साथ मिलकर पहाड़ की गोद में बसे ग्राम बोरगांव, पंचायत व्यासकोंगेरा के आवासपारा मोहल्ले के घने झाड़ी, जंगलों और कंटीले घास को साफ कर अदम्य साहस का परिचय देते हुए खेल के मैदान में परिवर्तित कर दिया। कीर्ति कुंजाम ने युवा टीम के साथ मिलकर सभी साथी से कुछ पैसे इकट्ठे कर 15 दिन के अंदर अपने घर के काम के अतिरिक्त समय में रोज सुबह 4 बजे उठकर बिना किसी सरकारी मदद से खेल का मैदान बना डाला। खेल के मैदान में बारे में हमने पंचायत से बात किया तो सभी मना कर दिए। कई लोग बोले कि यहां भालू और चीता आता है जो कि खतरा हो सकता है, पर हमने इन सब बातों की परवाह किये बगैर सिर्फ बच्चों के अधिकार के बारे में फोकस किया। आज खेल का छोटा सा मैदान बनकर तैयार है जिसमें छोटे बच्चे खेलने आते है यह देखकर हमें सुकून मिलता है। हम भी यहां रोज सुबह खुद खेलते है और दूसरे को प्रोत्साहित भी करते हैं। युवा टोली में गांव के जानकी पोटाई, भोलू उसेण्डी, महिमा उसेण्डी, रोशन कोर्राम, हरिश्चंद्र यादव, लोकेश्वरी, अनीषा, रोशनी नरेटी, राकेश्वरी, ज्योति, रंभा, दिनेश्वरी, गिरवर, उमेश्वर, उमेश कोर्राम, भोगवती, लेखनी, नवीन, दुर्गेश्वरी, राजेश्वरी, मोनिका, राहुल, अमृता, रेणुका उसेण्डी का सक्रिय एवं सरहनीय योगदान रहा।

स्कूल के दिन – जाने कब बडे हो गये, स्कूल के दिन न जाने कहां खो गये ।
दोस्तो की बाते जब भी याद आती है, आंखो में नमी सी छा जाती है।
वो दोस्तो, की गपसप, वो दोस्तो से लडना, टीचर के डॉटने पर छुप छुप के हंसना ।
हर राह में दोस्तो का साथ निभाना । सही और गलत की पहचान कराना ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना में विशेष शिविर एवं योग शिविर का आयोजन

| क्र. | जिला | विशेष शिविर | योग शिविर |
|---|---|---|---|
| 1 | बस्तर | 08 | 28 |
| 2 | कांकेर | 0 | 43 |
| 3 | कोण्डागांव | 0 | 32 |
| 4 | नारायणपुर | 0 | 04 |
| 5 | बीजापुर | 02 | 07 |
| 6 | दन्तेवाड़ा | 0 | 05 |
| 7 | सुकमा | 0 | 03 |
| | **योग** | **10** | **122** |





# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा विशेष श्रमदान कार्य

| क्र. | जिला | सोख्ता गड्डा | शौचालय निर्माण/सुधार | चबूतरा/मंच खेल मैदान निर्माण | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस्तर | 109 | 299 | 96 | 504 |
| 2 | कांकेर | 158 | 370 | 80 | 608 |
| 3 | कोण्डागांव | 114 | 395 | 23 | 532 |
| 4 | नारायणपुर | 06 | 13 | 10 | 29 |
| 5 | बीजापुर | 09 | 11 | 05 | 25 |
| 6 | दन्तेवाड़ा | 10 | 23 | 08 | 41 |
| 7 | सुकमा | 02 | 04 | 03 | 09 |
| | **योग** | **408** | **1115** | **225** | **1748** |

रा.से.यो. के छात्र/छात्राओं को श्रम कार्यो के प्रति भी जागरूकता उत्पन्न की जाती है। इन कार्यों में सोख्ता गड्डा का निर्माण, सड़क निर्माण एवं सुधार, शौचालय निर्माण में सहयोग, खेल मैदान एवं चबुतरा/ मंच निर्माण श्रम कार्यों को विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक छात्रों ने किया है।

# नियमित गतिविधि के अन्तर्गत सफाई अभियान

रा.से.यो. के छात्र/छात्राओं द्वारा सफाई अभियान कर दिया स्वच्छता का संदेश एवं विश्वविद्यालय के समस्त इकाईयों द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया ।










# रासयो द्वारा राष्ट्रीय एवं जिला स्तर पर भागीदारी

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एवं जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड, पूर्व गणतंत्र दिवस परेड, नेशनल यूथ फेस्टिवल एण्ड एक्सचेंज, मेगा कैम्प, राष्ट्रीय एकता शिविर सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका एवं बाल मेला, कार्यशाला जैसे आयोजनों में अपनी सहभागिता सफलतापूर्वक दी है। स्वयंसेवक छात्र/छात्राओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही ।

| क्र. | सत्र | प्रीआरडीसी | | आर.डी. | | बाल मेला | | राष्ट्रीय एकता शिविर | | नेशनल यूथ फेस्टिवल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिभागी छात्रों का नाम | संख्या | प्रतिभागी छात्रों की संख्या | संपर्क ग्राम संख्या | जिला | संख्या | प्रतिभागी छात्रों की संख्या | संख्या | **प्रतिभागी छात्रों की संख्या** |
| 1 | 2020–21 | 04 | अजित चन्द्रिका सौरभ तनुजा | | 22 | 78 | कांकेर, कोण्डागांव, दंतेवाडा, बस्तर | | | | |

# प्री-आरडीसी की कुछ पेपर कटिंग



# छत्तीसगढ़ की संस्कृति से महका पीआरडी शिविर

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने लोकगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी

सांस्कृतिक कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के जेपी सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से पूर्व गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। यहां के स्वयंसेवकों ने आदिवासी गीत और लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवक तरुण और उनकी टीम ने आ डोंगरी...रे पर नृत्य कर समा बांध दिया। जितेश और उनके साथियों ने सरगुजा नाचे... और लोकेश और उनके साथियों ने आवे हमर पारा... गीतों पर सामूहिक नृत्य किया। कर्मा ददरिया, बस्तरिहा, सरहुल गीतों पर भी स्वयंसेवकों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. अशोक मित्तल ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए एक-दूसरे की लोक संस्कृति जानने का भी मौका है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि छात्र जीवन बेहद अहम होता है। इसमें ही तरक्की के नए आयाम की नींव रख सकते हैं। शिविर में सुबह स्वयंसेवकों की परेड कराई गई। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव अंजनी कुमार, डॉ. सुनीता, समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह रहे।

लोकनृत्य की प्रस्तुति देते छत्तीसगढ़ के एनएसएस के स्वयंसेवक। संवाद

**200** स्वयंसेवक शिविर में हुए हैं शामिल

**प्रदर्शन के आधार पर होगा 40 का चयन**

दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर निकलने वाली परेड में शामिल होने के लिए यहां चयन प्रक्रिया चल रही है। इसमें यूपी समेत छह राज्यों के 200 स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रुति ने बताया कि 10 दिन के प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन किया जाएगा।



# बिहार-छत्तीसगढ़ के लोकरंग में रंगा शिविर

विवि के खंदारी परिसर में चल रहे पीआरडी शिविर के चौथे दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा। राष्ट्रीय सेवा योजना के मध्य क्षेत्र के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड (पीआरडी) शिविर के चौथे दिन बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवकों ने विवि के खंदारी परिसर स्थित जेपी सभागार में शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने प्रदेश के लोक नृत्य और गायन प्रस्तुत दिया।

बिहार के स्वयंसेवकों ने छठ पूजा पर आधारित नृत्य किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने 'आमा बगीचा...' गीत पर समूह नृत्य किया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया। झारखंड की टीम ने गणेश वंदना और झारखंडी गीत प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि सेंट जोंस के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह और विशिष्ट अतिथि ऊषा मित्तल रहीं। शनिवार सुबह प्रभात फेरी उत्तराखंड की टीम ने निकाली। टीम संचालक राहुल परिहार ने योगाभ्यास कराया।

नृत्य की प्रस्तुति देती स्वयंसेवक।

**एनएसएस के स्वयंसेवकों ने देखा ताज और किला**

एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक अशोक श्रोती, मेजबान विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान, टीम लीडर राहुल परिहार और संबंधित राज्यों के टीम लीडर के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने पहले आगरा किला फिर ताजमहल का शैक्षणिक भ्रमण किया। स्वयंसेवकों ने समूह फोटोग्राफी कराई और सेल्फी भी ली।

**प्रमुख रूप से इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में प्रो. रविंद्र, डॉ. सुनीता उत्तराखंड, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. भारती प्रसाद, खेमलाल मेहता, कुमार पंकज, डॉ. अनु महाजन, डॉ. संतोष पांडे की उपस्थिति रही। मोहित कुमार व टीम ने व्यवस्था संभाली।

# विश्वविद्यालय स्तरीय पुरस्कार

## विद्यालय स्तरीय पात्र स्वयं सेवक

| क्र. | स्वंय सेवक का नाम | कक्षा | संस्था का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | कु. भावना पाणिग्राही | 12 वीं | शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय करीतगांव |
| 2. | कु. छविना सेठिया | 12 वीं | शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय लोहण्डीगुडा |
| 3. | अरकित मौर्य | 12 वीं | शासकीय उच्च.माध्य.विद्याालय कोठियागुडा |
| 4. | कु. दिव्या भारती नेताम | 12 वीं | शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय पटौद |
| 5. | कु. धारिणी नाग | 12 वीं | शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय सिदेसर |
| 6. | सुखराम बघेल | 12 वीं | शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय दहीकोंगा |

## विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम अधिकारी

| क्र. | स्वंय सेवक का नाम | संस्था का नाम | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक कोर्राम | शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय मरकाटोला (लारगांव) | प्रथम |
| 2. | श्री हरिश पाण्डेय | शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय सेलेगांव | द्वितीय |

## महाविद्यालय स्तरीय पात्र स्वयं सेवक

| क्र. | स्वंय सेवक का नाम | संस्था का नाम | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| 1. | कु. शिल्पा साहू | शासकीय भानुप्रतापदेव स्नात.महाविद्यालय कांकेर | प्रथम |
| 2. | गोविंद सिन्हा | शासकीय भानुप्रतापदेव स्नात.महाविद्यालय कांकेर | द्वितीय |

# विश्वविद्यालय की गतिविधियां




















# विश्वविद्यालय की गतिविधियां














## पीजी कालेज के स्वयंसेवकों ने चलाया जागरूकता अभियान

**पहल** ● गभर्वती और छोटे बच्चों के टीकाकरण की दी जानकरी

**कांकेर (नईदुनिया न्यूज)।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के द्वारा यूनीसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे अभियान के तहत महाविद्यालय के 43 स्वयंसेवक छात्रों द्वारा अलग-अलग गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डा. डीएल पटेल के मार्गदर्शन एवं रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज राव के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवक सम्पत कुमार कुलदीप द्वारा ग्राम पुसावंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से गभर्वती महिलाओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान, टीकाकरण, प्रसव आदि के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक शाला पुसावंड के बच्चों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नारा लगाकर लोगों को बाल संरक्षण नियमों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही गुड टच व बैड टच के विषय में बताया गया। बच्चों को जानकारी देते हुए ये बताया गया कि अगर कोई आपको अनुचित ढंग से छुए तो उसे रोके और मदद के लिए जोर से चिल्लाए।



जागरूकता अभियान में शामिल स्वयं सेवक। ● नईदुनिया

उस स्थान की ओर भागे जो सुरक्षित हो या जहां पर अन्य लोग हो। अप्रिय घटना होने पर आप जिन पर भरोसा करते हैं- जैसे माता-पिता, दादा-दादी, शिक्षक आदि उन्हें बताए। ऐसी घटनाओं को अनदेखा न करें।

गांव के लोगों को भी बताया गया कि इस तरह के अप्रिय घटना होने पर तुरंत 1098 चाइल्ड लाइन पर काल कर सूचित करें। साथ ही स्वयंसेवक छात्र द्वारा गांव के गभर्वती महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया, जैसे जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, भगिनी प्रसुति सहायता योजना के बारे में अवगत कराया गया। इस अभियान में रामबाई कुलदीप व अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्राथमिक शाला के अध्यापक रामनाथ भारद्वाज व बच्चे युवराज, लुकेंद्र युनिश, राहूल, भावेष, ज्योति, गीतांजली व पुष्पा सलाम का विशेष योगदान रहा।

## कोरोना से बचाव हेतु चलाया गया जन जागरूकता अभियान




**विश्रामपुरी @ पत्रिका.** कोंडागांव जिला के अंतर्गत विकासखंड बडेराजपुर के ग्राम सलना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों एवं संस्था के प्राचार्य के द्वारा कोरोनावायरस से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम सलना में बैनर पोस्टर के माध्यम से रैली निकाल निकाली गई साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा जन जागरूकता, सावधानी, सुरक्षा, के लिए प्रचार पंपलेट दुकानों में उचित दूरी वाला पोस्टर चिपकाया गया। यह आयोजन विभागीय निर्देश अनुसार प्राचार्य एसएन चांदेकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार एचआर नायक बडेराजपुर ने भी शामिल हुए तथा कोरोना वायरस से बचने हेतु सावधानी बरतने ग्रामीणों से अपील की गई। कोविड से बचने परिवार तथा समाज को एवं गांव में सावधानी बरतने की सीख दी है।